इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

# इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, 5–सी/आई.एन.एस.–1, वृन्दावन योजना, लखनऊ–226 029 (उ0प्र0)

क्रमांक : क्षे.के.–27/बी.एड./प्रवेश–2026
दिनांक : **16.07.2026**

**विषय: बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.) प्रवेश–2026 में प्रवेश हेतु आमंत्रण।**

प्रिय शिक्षार्थी,

**29 मार्च, 2026** को आयोजित बी.एड. की प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर आप चयन समिति के समक्ष दिनांक **बुधवार, 22, जुलाई 2026** इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, 5–सी/आई.एन.एस.–1, वृन्दावन योजना, लखनऊ पर **प्रातः 10.00 बजे** उपस्थित हों। आपकी वरीयता एवं श्रेणी के आधार पर इग्नू अध्ययन केन्द्र 27108, जय नारायण पी0जी0 कालेज, लखनऊ पर **बची हुई सीटों** के लिए प्रवेश कांउसलिंग हेतु **आपका नाम प्रतीक्षारत्** है। यदि आपने अन्य पिछड़ी जाति के अन्तर्गत आरक्षण हेतु आवेदन किया है तो आपको अपना नवीनतम आय प्रमाण पत्र (जो कि तहसीलदार द्वारा जारी किया गया हो) संलग्न करना होगा। उन्हीं अभ्यार्थियों को अन्य पिछड़ी जाति के आरक्षण का लाभ प्राप्त हो सकेगा, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 8.00 लाख रू0 से कम (केवल केन्द्र सरकार की सूची स्वीकार्य) है।

आप **विद्यार्थी हैण्डबुक एवं विवरणिका 2026** के अनुसार निम्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रति तथा शुल्क **रू.60,700/– (जो ऑनलाईन मोड जैसे – क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैकिंग के माध्यम से इग्नू के एकाउण्ट में प्रवेश कन्फर्मड होने पर भेजना होगा)**। अपने साथ निम्न दस्तावेजों को क्रमानुसार लेकर आएं :

1. संलग्नक 1 (Annexure 1) पर दिया गया स्वीकारोक्ति एवम् प्रवेश फार्म। (Acceptance & Admission Form) कृपया इसे दो प्रतियों में भरकर लायें।
2. सैकण्डरी, हायर सैकण्डरी, स्नातक (समस्त 3 वर्षीय), स्नातकोत्तर उपाधि एवं अंक तालिका। यदि हाईस्कूल के सर्टिफिकेट से नाम भिन्न हो, तो सम्बन्धित वांछित प्रमाण–पत्र।
3. **प्रारम्भिक शिक्षा में प्रशिक्षण अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र अथवा एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (फेस–टू–फेस) से अध्यापक शिक्षा के कार्यक्रम सम्बन्धित अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र। बिना प्रमाण पत्र के प्रवेष नहीं प्रदान किया जायेगा।**
4. अभ्यर्थियों को एक प्रमाण पत्र जो कि उपरोक्त एन.सी.टी.ई. द्वारा निर्धारित योग्यता (फेस–टू–फेस) के जारी करने वाले अधिकारी द्वारा देना है कि **“अभ्यर्थी को प्रदत्त प्रमाण पत्र अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में, नियमित रीति (फेस–टू–फेस) शैली में प्रदान किया गया तथा एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्य अथवा अनुमोदित है”** यदि प्रमाण पत्र प्रदत्त अधिकारी उपस्थित नहीं है तो अभ्यर्थियों को एन.सी.टी.ई. द्वारा अनुमोदन अथवा मान्यता सम्बन्धित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है जिसमें यह स्पष्ट हो कि अभ्यर्थी द्वारा किया गया प्रमाण पत्र/डिप्लोमा अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में है तथा फेस–टू–फेस शैली में प्रदत्त किया गया। बिना इस प्रमाण पत्र के प्रवेश मिल पाना सम्भव नहीं है और यह अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है कि प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करे।
5. यदि एन.टी.टी. अथवा कोई अन्य उत्तीर्ण किया हो तो, एन.सी.टी.ई. के द्वारा उस कार्यक्रम को मान्यता प्रदान की हो, का प्रमाण–पत्र जैसा कि उपरोक्त बिन्दु–4 में दिया गया है।
6. बी.एड. शिक्षण कार्य करने के लिए विद्यार्थी हैण्डबुक एवं प्रारूप (संलग्नक–2) के अनुसार माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रयोगात्मक एवं इन्टर्नशिप हेतु अनुमति का प्रमाण पत्र।
7. सेवारत् होने का अनुभव प्रमाण पत्र। (संलग्नक–3 एवं 4)
8. संस्था जहाँ आप वर्तमान में कार्यरत हैं, द्वारा जारी किया गया नियुक्ति पत्र (यदि लागू हो)। बिना नियुक्ति पत्र के अनुभव मान्य नहीं होगा। मूल नियुक्ति पत्र की छाया प्रति को (संलग्नक–5) बनाकर इस फार्म के साथ लगाएं।
9. श्रेणी एवं जाति प्रमाण–पत्र यदि लागू हो। अन्य पिछड़ी जाति वर्ग के अभ्यर्थी नवीनतम् वार्षिक पारिवारिक आय प्रमाण पत्र अवश्य लगायें।
10. प्रवेश परीक्षा के लिए इग्नू द्वारा जारी किया गया मूल प्रवेश पत्र (Hall Ticket)।
11. 60,700/– रु (साठ हजार सात सौ रूपये) फीस ऑनलाईन देय होगी, पेमेन्ट लिंक शिक्षार्थियों को प्रदान किया जायेगा।
12. कृपया अपनी एक पासपोर्ट साइज़ नवीनतम् फोटो साथ में लाएं।

यह प्रस्ताव पूर्णतः अस्थायी (Provisional) है एवं भविष्य में किसी भी प्रमाण पत्र के गलत पाये जाने की स्थिति में प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा तथा फीस वापस नहीं की जायेगी।

यह प्रवेश प्रस्ताव निम्न शर्तों पर आधारित है :–

1. pआप बी.एड. में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता (Eligibility Criteria) पूरी करते हों जैसे

क) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए स्नातक डिग्री या/अथवा विज्ञान/वाणिज्य/मानविकी में कम से कम 50 प्रतिशत अंक पाने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त, इंजीनियरी, जिसमें विज्ञान और गणित की विशेषज्ञता हो, में 55 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यथी अथवा इनके समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

**तथा (आवश्यक है)**

ख) निम्नलिखित वर्गों के अभ्यर्थी बी.एड. (ओडीएल) में प्रवेश पाने के पात्र हैं:

i) प्रारम्भिक शिक्षा में प्रशिक्षित सेवारत अध्यापक।

ii) वे अभ्यर्थी, जिन्होंने एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (फेस–टु–फेस) से अध्यापक शिक्षा का कोई कार्यक्रम पूर्ण किया है।

2. एन.सी.टी.ई. द्वारा अनुमोदित प्रारम्भिक शिक्षा में प्रशिक्षण अथवा एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त अध्यापक शिक्षा में नियमित रीति से पूर्ण किया गया कार्यक्रम के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र। उपरोक्त बिन्दु–4 में स्पष्ट किया गया है।

3. आरक्षण हेतु मूल एवं सत्यापित अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र। अन्य पिछड़ी जाति आरक्षण हेतु नवीनतम आय प्रमाण पत्र जो कि तीन वर्ष से अधिक अवधि पूर्व जारी न किया गया हो। दिव्यांगों हेतु आरक्षित सीट के लिए उचित मेडिकल अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें 40 या उससे अधिक प्रतिषत शारीरिक अक्षमता दर्शायी गयी हों

4. यदि आपका नाम हाई स्कूल के प्रमाण पत्र से भिन्न हो या परिवर्तित किया गया हो तो इस सम्बन्ध में हलफनामा, समाचार पत्र में प्रकाशित नाम परिवर्तन की सूचना की प्रति एवं गैजेट नोटिफिकेशन की प्रति संलग्न करना है।

5. महिला अभ्यर्थियों का यदि उपनाम (Surname) विवाह के कारण परिवर्तित हुआ हो तो उन्हें मैरिज सर्टिफिकेट अथवा शादी का कार्ड अथवा इस सम्बन्ध में हलफनामा पति के नाम सहित प्रस्तुत करना होगा।

6. कृपया क्षेत्रीय केन्द्र पर काउन्सलिंग में आने से पूर्व समस्त वांछित दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों को निर्धारित प्रारूप में तैयार करा लें। अधूरी जानकारी वाले/अपूर्ण आवेदन पत्र बिना किसी पत्राचार के निरस्त हो जायेंगे तथा भविष्य में इस सम्बन्ध कोई भी पत्राचार नहीं किया जायेगा। प्रवेश हेतु आपको स्वयं उपस्थित होना होगा, यदि आप निर्धारित तिथि पर उपस्थित नही होते हैं, तो आपका प्रस्ताव निरस्त माना जायेगा, एवं आपकी सीट वरीयता क्रम के अन्य अभ्यर्थी को आवंटित कर दी जाएगी। क्षेत्रीय केन्द्र पर उपस्थिति पंजिका उपलब्ध होगी जिसमें अभ्यर्थियों को हस्ताक्षर एवं आने का समय अंकित करना होगा।

7. यदि आप का नाम प्रतीक्षा सूची में है, तो आप को फीस तभी देनी होगी जब आपको इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ द्वारा सूचित किया जायेगा।

8. आने जाने एवं ठहरने का व्यय आपको स्वयं वहन करना होगा।

9. किसी भी परिस्थिति में प्रवेश के पश्चात बी0एड0 कार्यशाला (प्रथम एवं द्वितीय) हेतु कार्यक्रम अध्ययन केन्द्र स्थानान्तरित नहीं किया जायेगा।

(डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा)
वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख